SUNDAY | 04.03.2018

लखनऊ

amarujala.com

अमर उजाला

नवजोत ने स्वर्ण जीत रचा इतिहास

page-21

नवजोत कौर ने सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में फ्रीस्टाइल 65 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जमाया कब्जा

राजधानी वर्ष 10 | अंक 243 | पृष्ठ : 22+8+4=34 | मूल्य : चार रुपये

• 7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण

अमेरिका में बाढ़, बर्फबारी बारिश का कहर, पांच मरे

न्यूयॉर्क टाइम्स न्यूज सर्विस

न्यूयॉर्क/बोस्टन। अमेरिका के उत्तर-पूर्वी तट पर भीषण तूफान की वजह से शनिवार को पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि पूर्वी तट पर भारी बारिश, तेज हवाओं और बर्फबारी के कारण हजारों उड़ानें रोक दी गईं। वाशिंगटन का संघीय कार्यालय भी इस तूफान के कारण बंद करना पड़ा। अमेरिका के पूर्वोत्तर इलाके में 90 हजार से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो चुकी है और करीब सात लाख लोग बुनियादी आवश्यकताओं के लिए जूझ रहे हैं।

पूर्वी तट पर जारी भीषण आंधी के कारण रात को सोते वक्त पेड़ गिरने से एक बच्चे की उसी समय मौत हो गई, जबकि न्यूयॉर्क के पुतनाम काउंटी में 11 साल के एक लड़के की भी उसके घर पर पेड़ गिरने से मौत हो गई। आंधी के चलते बाल्टिमोर में 77 साल की महिला, रोड द्वीप पर 70 साल के बुजुर्ग और वर्जीनिया में एक 44 साल के व्यक्ति की मौत पेड़ गिरने से हो गई। मेसाचुसैट्स में 134 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही हैं। यहां मौसम विभाग ने आगे भी आंधी का कहर जारी रहने की भविष्यवाणी की है।

हजारों घरों की बिजली गुल, जड़ समेत उखड़े पेड़, 134 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही बर्फीली हवाएं

कैलिफोर्निया में हिमस्खलन से एक की मौत, पांच घायल

लास एंजेल्स। अमेरिका के कैलिफोर्निया में भी बर्फीले तूफान के चलते एक स्नोबोर्डर की मौत और नेवादा स्की स्थल पर हिमस्खलन के कारण पांच लोग घायल हो गए। कैलिफोर्निया के स्कॉ वैली स्की रिसॉर्ट को हिमस्खलन के बाद बंद कर दिया गया है। बचावकर्मी यहां फंसे लोगों को बाहर निकालने में जुटे हुए हैं। यहां हिमस्खलन रोकने के लिए विस्फोटकों का इस्तेमाल भी किया गया लेकिन बर्फबारी काफी तेज होने के कारण कोई भी उपाय काम नहीं आया। इलाके में करीब 241 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बर्फीली हवाएं चल रही हैं।

यूरोप में तापमान माइनस 20 से कम

लंदन। यूरोप में भी इन दिनों बर्फीले तूफान का कहर जारी है। यहां दो दिन में 300 से अधिक उड़ानों को रद कर दिया गया है, जबकि सार्वजनिक परिवहन भी ठप हो गया है। खबर है कि अब तक इस खतरनाक मौसम के चलते कुल 35 से भी ज्यादा लोग यहां मारे गए हैं। उत्तरी नीदरलैंड में तापमान माइनस 43 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच गया, जबकि ब्रिटेन में माइनस 23 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान रिकॉर्ड किया गया।